दिनांक: 16.03.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- निवार्चन आयोग आज लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की करेगा घोषणा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के नाम पत्र लिखकर विकसित भारत को कार्यरूप देने के लिए मांगी राय।
- प्रदेश में मुख्यमंत्री बालिका सम्बल योजना के लिए चिकित्सा और डाक विभाग के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर।
- राजस्थान मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन का कार्य अब पूरी तरह होगा ऑनलाइन और पेपरलेस।

.....................

निर्वाचन आयोग आज दोपहर लोकसभा चुनावों के लिए तारीखों की घोषणा करेगा। इसके लिए नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोग की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेन्स आयोजित की जायेगी। गौरतलब है कि वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है। इस बीच, नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों – ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने कन कार्यभार संभाल लिया।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के नाम एक पत्र लिखकर उनसे विकसित भारत को कार्यरूप देने के लिए राय मांगी है। उन्होंने कहा है कि पिछले 10 वर्षों के दौरान देश ने ऊंची छलांगें लगाई हैं और जबरदस्त आर्थिक प्रगति देखी है। श्री मोदी ने कहा कि कई योजनाओं और पहलों ने देश की तस्वीर बदल दी है। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, मातृ वंदना योजना, जीएसटी को लागू करना, अनुच्छेद 370 को हटाना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और नए संसद भवन का उद्‌घाटन शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बदलाव इसलिए संभव हुआ है कि जनता ने उनमें विश्वास व्यक्त किया है। श्री मोदी ने देशवासियो से विकसित भारत बनाने के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए समर्थन देने की अपील की है ताकि देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके।

.....................

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय राजनीति में काले धन के प्रभाव को खत्म करने के लिए चुनावी बांड लाए गए थे। उन्होंने कहा कि चुनावी बांड को पूरी तरह से खत्म करने के बजाय, इसमें सुधार किया जाना चाहिए था। श्री शाह आज नई दिल्ली में एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में बोल रहे थे। गौरतलब है कि पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीतिक चंदे के लिए शुरू की गई चुनावी बॉन्ड योजना को निरस्त कर दिया था। पांच न्यायाधीशों की पीठ ने इस योजना को नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन माना था।

.....................

केन्द्रीय उपभोक्ता कार्य मंत्री पीयूष गोयल ने कल मुंबई में 22 आवश्यक वस्तुओं के लिए मूल्य निगरानी डैशबोर्ड लॉन्च किया। यह 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित साढे पांच सौ मूल्य निगरानी केंद्रों के माध्यम से इन वस्तुओं की थोक और खुदरा कीमतों की निगरानी करेगा। श्री गोयल ने नवी मुंबई स्थित वज़न और माप उपकरण के निजी क्षेत्र के निर्माताओं को देश का पहला इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ लीगल मेट्रोलॉजी – ओआईएमएल, पैटर्न अनुमोदन प्रमाणपत्र भी जारी किया। भारत ऐसा प्रमाण पत्र जारी करने वाला दुनिया का 13वां देश है। यह प्रमाण पत्र वज़न और माप उपकरणों के निर्यात के लिए अनिवार्य है। श्री गोयल ने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की वेबसाइट की शुरूआत की और एकीकृत विद्युत पारेषण लाइन उपकरण परीक्षण प्रयोगशाला का वर्चुअल उद्‌घाटन भी किया।

.....................

संविधान सर्वोच्च है और उसमें निहित अधिकारों तथा कर्तव्यों के संतुलन से जोड़कर विधिक शिक्षा का प्रसार किया जाना चाहिए। श्री मिश्र ने कल जयपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय

केपहले चरण के तहत विश्वविद्यालय में निर्मित 2 एकेडमिक और एक प्रशासनिक भवन, छात्रावास और अशैक्षणिक कर्मचारियों के आवास का राजभवन से ऑनलाइन लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने तीन नए कानून न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की चर्चा करते हुए कहा कि इनमें सजा देने के बजाय न्याय देने पर अधिक ध्यान दिया गया है।

.....................

नागरिकता संशोधन अधिनियम–सी.ए.ए. के तहत आवेदन करने के लिए 'सीएए–2019' मोबाइल एप शुरू हो गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार आवेदक गूगल प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर सकते हैं। और इसे वेबसाइट – इंडियन सिटिज़नशिप ऑनलाइन डॉट एनआईसी डॉट आई एन से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

.....................

प्रदेश में मुख्यमंत्री बालिका सम्बल योजना की शुरूआत की गयी है। इसका उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढावा देने, आर्थिक सम्बल प्रदान करने, कन्या भ्रूण हत्या रोकने, लिंगानुपात बेहतर करने और बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाना है। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कल चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग तथा भारतीय डाक विभाग के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षरित किये गये।
एमओयू के तहत भारतीय डाक विभाग के माध्यम से वित्तीय समावेशन का सहयोग प्रदान किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से योजना के तहत एक या दो बालिकाओं के जन्म के बाद प्रत्येक बालिका के नाम से 30 हजार रूपए की राशि सुकन्या समृद्धि खाता तथा डाक बचत योजना में एकमुश्त निवेश की जाएगी। पूर्व में यह राशि 10 हजार रूपए थी। योजना के तहत निवेश की अवधि 21 वर्ष पूरे होने पर डेढ लाख रूपए तक की परिपक्वता राशि लाभार्थी को दी जाएगी। साथ ही माता–पिता को 2 लाख रूपए का दुर्घटना बीमा भी देय होगा।

.....................

ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए सौ दिवसीय कार्य योजना पर प्राथमिकता से अमल कर रही है। श्री नागर ने कल बूंदी जिले के जरखोदा में आयोजित विद्युत विकास कार्यों के शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार, किसानों को रोजाना आठ घंटे तथा आम उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। श्री नागर ने कहा कि उपभोक्ताओं तक गुणवत्तायुक्त बिजली पहुंचाने के लिए सरकार बिजली के प्रसारण तंत्र को मजबूत कर रही है। ऊर्जा राज्यमंत्री ने जरखोदा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 87 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों की आधारशिला रखी।

.....................

राजस्थान मेडिकल कौंसिल में रजिस्ट्रेशन का कार्य अब पूरी तरह ऑनलाइन और पेपरलेस होगा। चिकित्सक घर बैठे अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कल जयपुर में आयोजित राजस्थान मेडिकल कौंसिल की समीक्षा बैठक में इस संबंध निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन करने के लिए 1 अप्रेल से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का काम शुरू किया जाए। श्रीमती सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली की गाइडलाइन के अनुसार चिकित्सकों का रजिस्ट्रेशन पांच वर्ष के लिए किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन की अवधि पूरी होने से 3 महीने पहले चिकित्सक को उसके मोबाइल पर रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण कराने के लिए संदेश भेजा जाएगा। नवीनीकरण नहीं कराने की स्थिति में रजिस्ट्रेशन स्वतः ही निरस्त हो जाएगा।

.....................

पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश के थानों में संचालित स्वागत कक्षों की मॉनिटरिंग के लिए विशेष पहल की है। इसके तहत आम लोगों की ओर से फीडबैक और शिकायत दर्ज कराने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। पुलिस थानों में आने वाले परिवादी स्वागत कक्षों से संबंधित फीडबैक, सुझाव या शिकायत को अब हेल्पलाइन नम्बर 87648–73137 पर कॉल करके दर्ज करा सकेंगे। कम्युनिटी पुलिसिंग के अतिरिक्त महानिदेशक बी.एल. मीणा ने बताया कि इस हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज फीडबैक, सुझाव या शिकायतों की मॉनिटरिंग पुलिस मुख्यालय स्थित अभय कमांड सेंटर पर कम्युनिटी पुलिसिंग शाखा द्वारा की जाएगी।

.....................

शाहपुरा जिले में बिजयनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अरनिया घोड़ा के पास कल दो मोटरसाइकिलों की आमने–सामने की टक्कर में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में घायल एक युवक का शाहपुरा चिकित्सालय में उपचार जारी है।

.....................

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर सभी नगरीय और ग्रामीण पेयजल योजनाओं के समस्त श्रेणी के उपभोक्ताओं के 1 मार्च, 2023 तक के बकाया जल प्रभार शुल्क के पेटे बकाया राशि पर ब्याज और शास्ति में शत–प्रतिशत छूट दी है। आदेश के अनुसार 31 मई तक एकमुश्त राशि जमा कराए जाने पर ये छूट प्रदान की जाएगी।

.....................